संगीताञ्जलि

(तृतीय भाग)

द्वितीय पुष्प] [प्रथम कली

लेखक

पं० ओमूकारनाथ ठाकुर

संगीताञ्जलि

द्वितीय पुष्प

प्रथम कली

लेखक और प्रकाशक—

संगीत मार्तण्ड, संगीत महामहोदय, संगीत सम्राट्

पं० ओमूकारनाथ ठाकुर

कुलगुरु

श्री संगीत भारती

काशी विश्वविद्यालय

बनारस।



सर्वाधिकार लेखक द्वारा सुरक्षित

प्रथम आवृत्ति

एप्रिल १९५५

मूल्य ५)

प्राप्तिस्थानः—

पं० ओमूकारनाथ ठाकुर

कुलगुरु

श्री संगीत भारती,

काशी विश्वविद्यालय

बनारस।

मुद्रक—श्रमलकुमार वसु, इंडियन प्रेस, लिमिटेड, बनारस ब्रांच।

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन—	१
प्रस्तावना—	२-११
ध्रुवपद-अंग —ख्याल-गाय की पूर्व पीठिका	२
प्रस्तुत पुस्तक का पाठ्य-क्रम, ख्याल तथा मुक्त एवं बद्ध आलापतान	३
ख्याल—गायकी की क्रम-प्रणाली	३-४
स्पर्श—स्वरों अथवा कणों का महत्त्व	५
विराम—चिह्नों का महत्त्व	६
मुक्त तानों की लय में परिवर्तन की शक्यता	६
मुक्त आलापतानों में स्थान परिवर्तन से नवीनता	६
परिशिष्ट में दिये हुए ख्याल	६
भावानुरूप स्वरोच्चार	६-९
स्वर-साधना	१०
कुछ अन्य शारीरिक प्रक्रियाएँ	११
कुछ पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या—	१२-१७
वादी संवादी अनुवादी और विवादी स्वर	१२
ग्रह-अंश-न्यास-संन्यास-विन्यास-अपन्यास	१३
बल-अबल	१५
निबद्ध-अनिबद्ध गान	१६
रागांग परिभाषा	१६
राग-प्रकृति, रस-भाव	१७-१९
रागों का समय-निर्धारण	१९-२१
गायकों के गुण-दोष	२१-२४
कुछ तालों के ठेके	२४-२५
मात्रा-विभाग-विवरण	२५-४७
स्वरलिपि-चिह्न-परिचय	२७-२८
१—राग तिलक कामोद	१-११
शास्त्रीय विवरण	१
मुक्त आलाप	२-३
मुक्त तानें	४
गीत १—'मन अटकी छबि' (त्रिताल)	५
आलाप	६-७
तानें	७-८
मुखड़े के प्रकार	९
गीत २—'कान्हा कितिक बार' (सूलताल)	१०-११
२—राग अल्हैया बिलावल	१२-३०
शास्त्रीय विवरण	१२
मुक्त आलाप	१३-१४
मुक्त तानें	१५-१६
गीत १—'दैय्या कहाँ' (विलंबित एकताल)	१७-१८
आलाप	१९-२२
बोलतानें	२३-२४
तानें	२५-२६
गीत २—'कवन बटरिया' (त्रिताल)	२७
तानें	२८-२९
गीत ३—'प्रबल ही श्याम (झपताल)	३०
३—राग जयजयवन्ती	३१-४९
शास्त्रीय विवरण	३१-३२
मुक्त आलाप	३२-३४
मुक्त तानें	३४-३५
गीत १—लरा माई सजन (विलंबित एकताल)	३६-३७
शब्दालाप	३७-३९
बोलतानें	३९-४१
तानें	४२-४३
गीत २—'रे घन छाये' (त्रिताल)	४४
तानें	४५-४६
गीत—३ 'दिर दिर तनन'—तराना (त्रिताल)	४७-४८
गीत—४ 'श्यामा श्याम सों' (धमार)	४९
४—राग केदार	५०-६९
शास्त्रीय विवरण	५०-५१
मुक्त आलाप	५१-५३
मुक्त तानें	५३-५४
गीत—१ 'बन ठन का' (विलंबित एकताल)	५४-५५
आलाप	५६-५८
बोलतानें	५८-६०
तानें	६०-६२
गीत—२ 'ज्यों ज्यों बूँद परे' (त्रिताल)	६३-६४
तानें	६४-६५
गीत—३ 'पायल बाजे' (त्रिताल)	६६
गीत—४ 'ना दिर दिर दानी' तराना (त्रिताल)	६७

विषय	पृष्ठ संख्या
गीत—५ 'बरस सीस मोर मुकुट (चौताल)	६८–६९
५—अडाणा	७०–८१
शास्त्रीय विवरण	७०–७१
मुक्त आलाप	७१–७२
मुक्त तानें	७३–७४
गीत—१ 'परदेसवा नित-जिन, (त्रिताल)	७४–७५
आलाप	७५–७६
तानें	७७–७८
गीत—२ 'छैला देहो छैल' (त्रिताल)	७९–८०
गीत—३ 'गगरी मोरी' (त्रिताल)	८०–८१
६—राग आसावारी	८२
शास्त्रीय विवरण	८२–८३
मुक्त आलाप	८३–८५
मुक्त तानें	८५–८६
गीत—१ 'पेहरवा जागो' (विलंबित एकताल)	८७–८८
आलाप	८८–९१
बोलतानें	९२–९३
तानें	९४–९५
गीत–२ 'हम रैये रात' (त्रिताल)	९६
तानें	९७–९८
गीत—३ 'चतरंग रस सन' (त्रिताल)	९९–१००
गीत—४ 'दानी ना दिर दिर दानी'—तराना (त्रिताल)	१०१–२
मुखड़े के प्रकार	१०२–४
तानें	१०४–५
गीत—५ 'सखी री जा दिन ते, (धमार)	१०५–६
७—राग बहार	१०७–२८
शास्त्रीय विवरण	१०७
मुक्त आलाप	१०८–१०
मुक्ततानें	११०–११
गीत—१ 'नई रुत नई फूली' (तिलवाड़ा)	११२–१३
आलाप	११४–१५
बोलतानें	११६–१७
तानें	११८–२१
गीत—२ 'सघन बनी अमराई' (त्रिताल)	१२१–२२
तानें	१२३–२४
गीत—३ बहार आई बेलरियां फूली (त्रिताल)	१२५–२६
गीत—४ सकल बन गगन पवन चलत (त्रिताल)	१२७–२८

विषय	पृष्ठ संख्या
८—राग मालव कौशिक (मालकौंस)	१२९–५७
शास्त्रीय विवरण	१२९
मुक्त आलाप	१३०–३२
मुक्त तानें	१३३–३४
गीत—१ 'अब छुब देखी' (विलम्बित एकताल)	१३५–३७
गीत—२ 'पीर न जानी' (" ")	१३७–३९
आलाप	१३९–४२
बोल तानें	१४३–४५
तानें	१४५–४७
गीत—३ 'पग घूंघरू बांध' (त्रिताल)	१४८
मुखड़े के प्रकार	१४९–५०
तानें	१५०–५२
गीत—४ 'कैसो नीको लागो' (")	१५३
गीत—५ 'आद्या स्मर दमना' (")	१५४–५५
गीत—६ 'तीं ततन तन देरे ना' तराना (")	१५६
गीत—७ 'आये रघुवीर धीर (चौताल)	१५७
९—राग भैरव	१५८–८०
शास्त्रीय विवरण	१५८
मुक्त आलाप	१५९–६१
मुक्त तानें	१६१–६३
गीत—१ 'जियरा उनी सों (विलंबित एकताल)	१६४–६५
आलाप	१६६–६८
बोल तानें	१६८–७१
तानें	१७१–७३
गीत—२ प्रभु दाता रे (त्रिताल)	१७४
गीत—३ 'घूंघरवा प्यारी रे' (")	१७५
तानें	१७६–७७
गीत—४ 'मोहन जागो' (चौताल)	१७८–८०
परिशिष्ट	१८१–८८
राग भूपाली	
ख्याल—'सुबे बोल तानन' (तिलवाड़ा)	१८१–८२
राग जैमिनी-कल्याण	
ख्याल—"कै सखी कैसे कै करिये" (विलंबित एकताल)	१८३–८४
राग बिहाग	
ख्याल—"कैसे सुख सोवे नींदरिया" (तिलवाड़ा)	१८५–८६
राग सारंग	
ख्याल—'मैं समझ्यो निरधार'(विलंबित एकताल)	१८७–८८

अकारादि क्रम से गीतों की सूची

गीत		गीत	
क्रम-संख्या	पृष्ठ संख्या	क्रम-संख्या	पृष्ठ-संख्या
१—अब छब देखी	१३५	२२—परदेसवा	७४
२—आद्या स्मर दमना	१५४	२३—पायल बाजे	६६
३—आये रघुबीर धीर	१५७	२४—पीर न जानी	१३७
४—कवन बटरिया	२७	२५—पेहरवा जागो	८७
५—कान्हा कितिक वार	१०	२६—प्रबल ही श्याम	३०
६—कै सखी कैसे	१८३	२७—प्रभु दाता रे	१७४
७—कैसे सुख सोवे	१८५	२८—बन ठन का	५४
८ कैसो नीको लागो	१५३	२९—बहार आई बेलरिया फूली	१२५
९—गगरी मोरी	८०	३०—मन अटकी छबि	५
१०—घूँगरवा प्यारी	१७५	३१—मैं रूमझयो निरधार	१८७
११—चतरंग रस मन	९९	३२—मोहन जागो	१७८
१२—छैला देहो छैल	७९	३३—रे घन छावे	४४
१३—जियरा उनी सों	१६४	३४—लरा माई सजन	३६
१४—ज्यों ज्यों बूँद परे	६३	३५—श्यामा श्याम सो	४९
१५—तों ननन तन देरे ना	१५६	३६—सकल बन गगन	१२७
१६—दानी ना दिर दिर दानी	१०१	३७—सखी री जा दिन से	१०५
१७—दिर दिर ननन	४७	३८—सघन बनी अमराई	१२१
१८—दैय्या कहाँ	१७	३९—सरस सीस मोर मुकुट	६८
१९—नई रुत नई फूली	११२	४०—सूधे बोलतानन	१८१
२०—ना दिर दिर दानी	६७	४१—हम रैये रात	९६
२१—पग घूँगरू बाँध	१४८		

प्राक्कथन

प्राचीन-परंपरानुसार तो जो विद्यार्थी गुरुमुख से सुन कर ही शिक्षा ग्रहण कर सकते थे, उन्हीं के लिये संगीत-शिक्षा का मार्ग प्रशस्त था। किन्तु अधुना इस देवी विद्या का सभी लाभ उठा सकें इस दृष्टि-बिंदु से विद्यार्थियों का क्रम-विकास सोचा गया और बरसों के अनुभव के बाद जो निष्कर्ष निकला, उसी के अनुसार प्रस्तुत पाठ्यक्रम बनाया गया, जिसका यह तीसरा भाग प्रकाशित हो रहा है।

कुछ लोग विद्यार्थियों की शिक्षा का आरंभ कल्याण अंग से करते हैं और कुछ लोग विलावल-अंग से। किसी ने तो तोड़ी, मारवा, पूर्वी, भैरव जैसे कठिन रागों को, जो कि पूर्वार्जित शक्ति-संपन्न विद्यार्थियों के लिये भी कष्टसाध्य हैं, प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में स्थान दिया है। अब वह युग आ गया है जब कि प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थी के क्रमिक-विकास की दृष्टि से पाठ्यक्रम बनाना अनिवार्य हो गया है, क्योंकि अब विश्वविद्यालयों में भी संगीत-शिक्षा को स्थान प्राप्त हुआ है। उसी विकास-दृष्टि से यह क्रम बनाया गया है, जिसके प्रथम दो भाग प्रवेशिका-क्रम में प्रकाशित किये गए हैं और इस तीसरे भाग में मध्यमा अथवा इण्टर के प्रथम वर्ष अथवा जूनियर डिप्लोमा का पाठ्यक्रम दिया गया है।

भारतीय संगीत की सूक्ष्मता को देखते हुए उसे पूर्णतया नोटेशन या स्वर-लिपि में आलेखित करना करीब करीब असंभव है। स्वानुभव से मैं यह कह सकता हूँ कि जिस संगीत में पल पल पर स्पर्श-स्वरों वा कणों (Grace notes) का उपयोग होता हो, ऐसे किसी भी संगीत को पूर्णतया लेखवद्ध करना अशक्य है। यथासंभव उसे लेखबद्ध करने का कार्य पूज्यपाद गुरुदेव पं० विष्णुदिगम्बरजी ने किया है। किसी हद तक Staff notation वाले भी उसमें सफल हुए हैं। किन्तु सीधा और स्थूल नोटेशन प्राप्त हो तो उसे छोड़ कर सूक्ष्म और कष्टसाध्य लेखन-शैली कौन अपनाए? इसलिये स्थूल और सूक्ष्म दोनों दृष्टियों को सामने रखकर हमें यह मार्ग अपनाना पड़ा है, जो इन पुस्तकों में प्रयुक्त किया गया है। यह नूतन प्रयोग सफल हुआ है या असफल, यह तो इन पुस्तकों का उपयोग करने वाले ही कह सकेंगे। जिन्हें जो कठिनाइयाँ दिखाई दें, कृपया वे मुक्त रूप से सूचित करें। यथासंभव उन्हें दूर करने का यत्न किया जाएगा। कामना यही है कि सौकर्य को बनाए रखते हुए यथासंभव सूक्ष्मता को निदर्शित किया जाए।

इस लेखन-प्रणाली के समुचित उपयोग के लिये चिह्न-परिचय की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, ऐसा अनुरोध है।

इस पुस्तक के प्रकाशन में अल्पाधिक रूप में तीन व्यक्तियों ने मुझे साहाय्य किया है। तीनों ही मेरे लाड़ले हैं, और तीनों का मुझ पर और मेरा तीनों पर अधिकार है। गायनाचार्य प्रो० बलवंतराय भट्ट, डा० प्रेमलता शर्मा एम० ए०, पी एच० डी० और कुमारी सुभद्रा चौधरी—ये तीनों ही मेरे निगूढ़ प्यार-आशीष के पात्र हैं। इनमें भी डा० प्रेमलता शर्मा ने इस पुस्तक की समग्र पाण्डुलिपि के लेखन में और प्रूफ संशोधन इत्यादि कार्यों में सबसे अधिक श्रम किया है। वे नितान्त रूप से मेरे धन्यवाद की अधिकारिणी हैं।

साथ ही इण्डियन प्रेस प्रयाग की बनारस स्थित शाखा के मैनेजर श्री ए० के० बोस एवं अन्य कर्मचारियों का भी मैं आभारी हूँ, जिन्होंने विशेष ध्यान और परिश्रम से इस पुस्तक की शुद्ध, स्वच्छ एवं सुन्दर छपाई की है।

काशी विश्वविद्यालय
गुरुवार, वैशाख शुक्ल
सप्तमी, सं० २०१२

निवेदक,
ओमूकारनाथ ठाकुर

प्रस्तावना

अधुना भारत में ख्याल-गान की पद्धति अपनी विकास की भूमिका पर आरूढ़ है। सर्वत्र ख्याल-गायकों की ओर विशेष समादर से देखा जाता है। जिस परंपरा के हम अनुयायी हैं, वह भारत का एक सर्वप्रसिद्ध ख्याल का घराना माना गया है। हमारी गुरु-परंपरा ग्वालियर के सुप्रसिद्ध ख्याल-गायक हद्दू-हस्सूखां—इन बन्धु-द्वय से सीधी संबन्धित है। 'संगीताञ्जलि' के इस क्रमिक पाठ्य-क्रम के तीसरे भाग में उस ख्याल-गायकी की शिक्षा का आरंभ करना उचित माना है। ख्याल-गायकी के भिन्न भिन्न घरानों की परंपरा का उल्लेख यहाँ आवश्यक नहीं है। परन्तु हमारी अपनी ख्याल-गायकी की परंपरा के अंगों को यहाँ समझाना विशेष रूप से समुचित होगा।

ध्रुवपद-अंग—ख्याल-गायकी की पूर्व पीठिका

हमारी गुरुपरंपरा में ख्याल-गायकी सीखने के पूर्व ध्रुवपद-अंग की गायकी को सीखना आवश्यक माना गया है। ध्रुवपद अंग में स्वरों का ठहराव, आलापचारी का विस्तार, स्वरों का स्थैर्य, लय की भिन्न भिन्न बांट, द्विगुन, चौगुन, आड़, तिगुन छैगुन इत्यादि लय-प्रयोग और उनकी तिहाइयाँ इत्यादि का सप्रयोग बोध प्राप्त कर लेना नितान्त आवश्यक है।

सामान्यत: विद्यार्थियों का झुकाव झटपट तानक्रिया की ओर अधिक रहता है और तान-क्रिया में स्वरों की गति द्रुत होती है। कंठ को यदि द्रुत गति से स्वरोच्चार की आदत पड़ जाए, तो भिन्न भिन्न भाव और रस की उत्पत्ति के लिये भिन्न भिन्न स्वरों पर स्थैर्य से जो उच्चार करना चाहिए वह कठिन हो जाता है। कंठ को स्वाधीन बनाने के लिये—जब चाहें उसे स्थिर करें, जब चाहें उसे कंप दें, जब चाहें उसे आन्दोलित बनाएँ, जब चाहें मींड़ से उच्चारें, इन सब क्रियाओं की कुशलता प्राप्त करने के लिये, जो कि ख्याल-अंग में भावाभिव्यक्ति के लिये अनिवार्य हैं,—ध्रुवपद-अंग को गले में बिठाना अत्यावश्यक है।

यह कहना नितान्त रूप से सत्य का निरूपण करना है कि भारत में ख्याल अंग के विकास के पूर्व ध्रुवपद—अंग ही अपने चरम विकास पर स्थित था। और ख्याल, ध्रुवपद—अंग में किये हुए नये विकास का ही नाम है। ध्रुवपद-अंग में तालबद्ध गान के पूर्व राग की आलप्ति की जाती है, जिसे आजकल 'नोम् तोम्' आलापचारी कहते हैं। वह आलापचारी आज ख्याल-अंग में आकारादि अक्षरों द्वारा बढ़त के रूप में प्रयुक्त होती है और गीत के शब्दों द्वारा राग के स्वरालापों में विस्तार किया जाता है, जो शब्दालाप के नाम से भी प्रसिद्ध है। ध्रुवपद-अंग के 'नोम् तोम्' के आलाप तालबद्ध नहीं होते—आगे चल कर मात्र लयबद्ध होते हैं और इस प्रकार उन आलापों के न्यास के अवसर पर 'तना तोम्' कहा जाता है। किन्तु ख्याल-अंग की आलापचारी तालबद्ध ख्याल का स्थायी अन्तरा गाने के पश्चात् ही आरंभ होती है; ताल के साथ ही उसका विस्तार होता है और ख्याल के 'ध्रुव' शब्दों के उच्चार के साथ सम पर उसका न्यास किया जाता है।

तद्वत् द्विगुन, चौगुन, तिगुन, तिहाई इत्यादि लय-विभागों के जो अंग ध्रुवपद-गायकी में लिये और बरते जाते हैं, वे ही अंग ख्याल-गायकी में ख्याल के शब्दों की बोलतान में प्रयुक्त होते हैं। इसीलिये ख्याल-अंग की सविशेष गायकी की शिक्षा आरंभ करने के पूर्व ध्रुवपद-अंग की 'गायकी सीखने और अपनाने का हमारी परंपरा में आग्रह रखा गया है।

संगीताञ्जलि के प्रथम दो भागों में चौताल, झपताल, सूलताल, धमार, तेवरा आदि ध्रुवपद अंग के तालों में गीत, पूर्व-उल्लिखित लय की बाँट सहित विद्यार्थियों को अवगत कराये गए हैं। इसके अतिरिक्त ख्याल-अंग की पूर्व भूमिका के रूप में मध्य लय के गीतों में थोड़े आलाप-तान का शिक्षण भी, विद्यार्थियों की रुचि बनाए रखते हुए, उनके लाभार्थ दिया गया है। इस तीसरे भाग में ख्याल-अंग का बोध देने जा रहे हैं।

प्रस्तुत पुस्तक का पाठ्य-क्रम, ख्याल तथा मुक्त एवं बद्ध आलापतान

इस पुस्तक में नौ रागों के ख्याल, उनके तालबद्ध आलाप, बोलतानें और तानें दी गई हैं।

अभ्यास और विकास के लिये मुक्त आलाप और मुक्त तानें प्रथम दो भागों में भी दिए गए हैं और इस भाग में विशेष विस्तार से दिये गए हैं। मुक्त आलाप और मुक्त तानों का अभ्यास करके विद्यार्थी अपनी बुद्धि से उन उन रागों के पदों में स्वयं उनका उपयोग कर सकें, और स्वनिर्मित आलापतान से गीत को अलंकृत कर सकें, इसीलिये उनका समावेश किया गया है। तालबद्ध आलाप, बोलतान और तानें इसलिये दी गई हैं कि जिससे विद्यार्थी किस ढंग से आलाप का क्रमिक विस्तार करें बोलतान को निबद्ध करें, तान का प्रस्तार करें, और तिहाइयों से गीत को सजा कर रंजकता बढ़ाएँ—इन सब बातों में उनका मार्गदर्शन हो सके। इसी उद्देश्य से यह सब देना आवश्यक समझा गया है। एक के बाद एक रखने से दो होंगे, किन्तु एक के साथ एक रखने से ग्यारह होंगे—यह जो विकास की रीति है, उस रीति को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी के दिमाग में आलाप, बोलतान और तान का विकास-क्रम रखे बिना उससे स्वतंत्र विकास की आशा कैसे रखी जा सकती है? यदि वह मार्गदर्शन के बिना स्वतंत्र विकास करेगा, भी, तो उसमें सुन्दरता और सौष्ठव कैसे रहेंगे? इन सब दृष्टि बिन्दुओं को ध्यान में रखकर ही तीसरे और चौथे वर्ष के रागों के ख्यालों में आलापतान निबद्ध करके देने का विचार किया गया है। इस प्रकार चालीस वर्ष के शिक्षण-कार्य से प्राप्त अनुभव के आधार पर ये आलापतान निबद्ध किये गए हैं।

ख्याल-गायकी की क्रम-प्रणाली

देखा गया है कि कुछ ख्याल-गायक ख्याल के शब्दों का मुखड़ा लेकर ही आलापचारी शुरू कर देते हैं और पुनः २ सम दिखाते समय उसी मुखड़े का उच्चार करते हैं। शुरू में पूरा स्थायी अन्तरा गा कर आलापचारी का आरंभ वे नहीं करते। कुछ लोगों का कहना है कि स्थायी अन्तरा याद न होने से वे लोग ऐसा करते हैं, और कुछ की मान्यता है कि स्थायी अन्तरा सुनकर गायक-वर्ग में से कोई उसे याद न कर लें, इस आशंका से—छिपाने के हेतु वे लोग स्थायी-अन्तरा नहीं गाते हैं। इन दोनों कथनों की सचाई को जाँचना कठिन है। किन्तु यह तो सत्य है ही कि कुछ लोग सचमुच स्थायी अन्तरा नहीं ही गाते हैं। परन्तु हमारी परंपरा में ख्याल-गायकी में निम्नोक्त क्रम आवश्यक माना गया है।

(१) आरंभ में षड्ज की स्थिरता।

(२) षड्ज की पूरी हवा फैलने के बाद ख्याल का पूरा स्थायी-अन्तरा तालबद्ध रूप से गाया जाए। (त्रिताल. झपताल वगैरह तालों के गीतों के सदृश ख्याल का स्थायी अन्तरा भी सम, ताली, खाली वगैरह ताल के स्तंभों से भली भाँति निबद्ध हो।)

(३) स्थायी-अन्तरे के गान के पश्चात् ही अकारादि अक्षरों में स्वरालाप शुरू किये जाएँ। आलापचारी में राग के अंग को देखकर, उसके ग्रह, अंश और न्यास स्वरों को केन्द्रित रखकर उनके इर्द गिर्द स्वरों के संविधान से उन उन स्वरों के भावों का परिपोष किया जाए और आलाप के अन्त में मध्य षड्ज

पर पूर्ण न्यास किया जाए। आलापचारी के क्रम-विकास का एक उदाहरण, समझाने के लिये, यहाँ दिया जाता है। मान लीजिए, हम जैमिनि कल्याण गाने जा रहे हैं। आलापचारी के आरंभ में हम मध्य षड्ज को केन्द्र-बिन्दु मान कर मन्द्र सप्तक के भिन्न भिन्न स्वरों की जोड़ियाँ यथा—ध़ नि़, म़ नि़, ग़ नि़ और अन्य आनुषंगिक स्वरों का विकास करते हुए षड्ज पर बार बार स्थिर होंगे। फिर क्रमशः एक एक करके ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत, निषाद और तार षड्ज इन सभी स्वरों को केन्द्र-बिन्दु बनाकर हमें आलापचारी को बढ़ाना चाहिए। इस प्रकार इन आलापों में राग-विकास के साथ भाव-विकास भी करना चाहिए। जैमिनि कल्याण में सभी स्वरों पर ठहर सकते हैं। इसीलिये इन सब स्वरों को केन्द्र-बिन्दु बनाने को कहा है। किन्तु अन्य रागों में उनके आरोहावरोह, स्वर-संगति, अल्पत्व-बहुत्व, वक्रत्व आदि सभी बातों का विचार करके आलापचारी का विकास किया जाए।

आजकल कुछ लोग ख्याल के अन्तरे में भी आलापचारी करने लगे हैं। किन्तु क्रम-विकास से तार षड्ज तक आलापचारी करने के बाद पुनः अन्तरे में वही आलाप दोहराने की आवश्यकता नहीं है। मन्द्र से तार तक दीर्घ आलाप करने के पश्चात् जनता पुनः दोहराये हुए उन आलापों से ऊब जाएगी। भोजन के समय एक ही वस्तु बार बार परोसी जाए तो रुचि-भंग होता है, तद्वत् गाये हुए आलापों को फिर दोहराना, यह रसभंग है। इसलिये प्रायः सभी ख्याल-गायक अन्तरे में आलापचारी नहीं ही करते हैं और हमारी राय में इसकी कोई आवश्यकता नहीं है।

इस आलापचारी में अकारादि अक्षरों के स्थान पर ख्याल के रसात्मक शब्द भी उपयोग में लाये जाते हैं। किन्तु इस आलापचारी में ठुमरी अंग की स्वर—क्रियाओं, मुर्कियों का और खटकों का भूल से भी उपयोग न हो, इसकी सावधानी रखनी चाहिये।

(४) आलापचारी के विशद विस्तार से वातावरण में राग की संपूर्ण छाया छा जाने के बाद मध्यगति की बोलतानों का आरंभ करना चाहिए। इन बोलतानों में दो प्रकार हैं। ख्याल की स्थायी के शब्दों को मध्यगति की तानों में निबद्ध करके स्थायी के शब्द पूरे होते ही ताल का आवर्तन पूरा हो और सम दिखाया जाए। इसके लिये ताल की भिन्न भिन्न मात्राओं से इन बोलतानों का उठाव या आरंभ किया जाता है और ताल के आवर्तन में उसे समाप्त किया जाता है।

यहाँ एक बात का अवश्य ध्यान रखा जाए कि ख्याल के शब्दों को तोड़ा न जाए, उनके अर्थों को मरोड़ा न जाए। अन्यथा वह बोलतान भावाभिव्यक्ति का साधन न रह कर कोरी बोलतान रह जाएगी, क्योंकि शब्दों की तोड़-मरोड़ से अर्थ का अनर्थ होने की संभावना है।

बोलतान का दूसरा प्रकार तिहाई है। स्थायी के बोलों की तान ऐसी मात्रा से आरंभ की जाए कि जिससे सम पर आने का मुखड़ा भिन्न भिन्न प्रकार से तीन बार लिया जाए और सम पर उसे पूर्ण किया जाए।

ध्रुवपद-अंग में गीत के शब्दों का भिन्न भिन्न लयों में जो पुनरुच्चार किया जाता है और ख्याल-अंग में शब्दालाप एवं बोलतान लेने की जो परिपाटी गान-विद्या की विकसित क्रिया में उपयोग में लाई जाती है, उसका मूल, मेरी राय में, वैदिक गान-क्रिया ही है। वेद-पाठ की परंपरा में जटा, घन आदिक जैसे भिन्न भिन्न अर्थ-निदर्शक शब्द-विन्यास किये जाते हैं, तद्वत् उसी का परंपरानुगत अनुकरण संगीत की इस गान-क्रिया में किया जाता है, जिससे अर्थ का, भाव का और रस का परिपोष होता है और श्रोताजन भाव में निमज्जित होते हैं। हाँ, सभी ख्याल-गायक शब्दालाप और बोलतान की क्रियाओं का अपनी गायकी में प्रयोग नहीं करते हैं। किन्तु हमारी परंपरा की यह विशेषता है। और बिना हिचकिचाहट के यह कहने में हम अत्युक्ति नहीं कर रहे हैं कि ख्याल-गायकी में ग्वालियर की परंपरा भारत में अग्रगण्य मानी गई है।

(५) इन बोलतानों के पश्चात् लयबद्ध तानों से ख्याल को सजाया जाता है। इन तानों में विविध वर्णालङ्कारों का समुचित विनियोग करना कुशलता का कार्य है। इस तान-क्रिया के अवसर पर बीच बीच में बहलावे का प्रयोग भी किया जाता है। बहलावे में तीन, पाँच, सात, नौ ऐसे स्वरों की तान लेकर किसी स्वर पर ठहर कर पुनः उसी प्रकार अवरोह करके फिर किसी स्वर पर ठहर जाते हैं और इसके विस्तार को बढ़ा कर रंजकता उत्पन्न करते हैं। यथा विहाग में—

पनि सा ग–, ग रे सा नि–, रे सा नि प–, स ग म प–, मे प नि सां–, गं रें सां नि–, ध प म ग–, ग रे सा नि –, प नि सा ग–, रे नि सा– – ।

बहलावे के ये प्रकार भिन्न भिन्न रागों के नियमों को देख कर ही सावधानी से बनाने चाहिए।
इसके बाद मध्य या द्रुत लय के गीत गाने की परिपाटी है।

यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि ख्याल-गायकी का यह चित्र, यह क्रम और विकास ध्यान में रख कर विद्यार्थी साधना करेंगे तो विश्वास है कि वे सफलता पाएँगे।

स्पर्श-स्वरों अथवा कणों का महत्व

इस पुस्तक-मालिका में दिये हुए गीतों, आलापतान इत्यादि में जो स्पर्श-स्वर (grace notes) या कण दिये हुये हैं, विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही उन पर विशेष ध्यान दें। ये स्पर्श-स्वर जो कभी नीचे से और कभी ऊपर से छुए जाते हैं, इनका महत्त्व केवल रंजकता बढ़ाने तक ही सीमित नहीं है, किन्तु ये राग-निदर्शक भी हैं। यथा—प-मे ग म ग, यह स्वरावली बिहाग को स्पष्ट करती है। परन्तु यदि मध्यम और गान्धार पर से स्पर्श-स्वर हटा दिये जाएँ, और अन्तिम गान्धार को कोमल ऋषभ का कण लगा दिया जाए तो प मे ग रे म ग, वह पूर्वी हो जाएगी। एक उदाहरण और—, ग प ग रे सा—यह स्वरावली है। इसमें निम्नलिखित भिन्न भिन्न स्पर्श—स्वरों के प्रयोग से वही एक स्वरावली भिन्न भिन्न रागों की निदर्शक बन जाती है :—

ध ग प ग, रे सा.	—भूप
रे ग प ग, रे सा.	—शंकरा
ग प ग—रे सा—	—देशकार
ग प ग—रे, सा.	—हंसध्वनि
प ग प ग रे सा.	—शुद्ध कल्याण

इस प्रकार एक ही स्वरावली होते हुए भी भिन्न भिन्न स्पर्श से, भिन्न भिन्न ठहराव से राग परिवर्तित हो जाता है। गुणी जनों के सहवास से ही स्पर्श स्वरों की यह सूक्ष्मता ध्यान में आएगी। इसीलिये इन स्पर्श-स्वरों के प्रति विशेष ध्यान देने के लिये हमने विद्यार्थियों को और शिक्षकों को साग्रह अनुरोध किया है।

विराम-चिह्नों का महत्त्व

तान-क्रिया में जहाँ जहाँ अर्धविराम-चिह्न दिये गए हैं, उसके पीछे विशेष हेतु है। मान लीजिए कि सारेसा रेगरे गमग मपम पधप वाला अलंकार किसी राग में प्रयुक्त किया जा रहा है। यों तो यह अलंकार तीन तीन स्वरों का है। यदि एक—तृतीयांश अथवा एक –षष्ठांश मात्रा-विभाग में इसका उपयोग किया जाएगा तो कोई दिक्कत पेश नहीं आएगी। किन्तु एक—द्वितीयांश ($\frac{1}{3}$), एक—चतुर्थांश ($\frac{1}{4}$) या एक—अष्टमांश ($\frac{1}{8}$) मात्रा—विभाग में इसका प्रयोग करने से विषम टुकड़े बन जाएँगे। और इसीलिये विषम तानों को सम लय में और सम तानों को विषम लय में स्पष्टतया समझाने के लिये ही उन अर्धविराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है। मुक्त आलापों में अर्ध-विराम, पूर्ण विराम, डैश, ब्रैकेट इत्यादि चिह्नों का भी आलाप के समय पूर्ण ध्यान रखा जाए और यथास्थान और यथाचिह्न उच्चार किया जाए। शिक्षक सिखाते समय और विद्यार्थी अभ्यास के समय पूर्वलिखित सारी बातों पर सविशेष ध्यान देना भूलें नहीं।

मुक्त तानों की लय में परिवर्तन की शक्यता

सुविधा के लिये मुक्त तानें एक-चतुर्थांश ($\frac{1}{4}$) लय में लिखी गई है। किन्तु अभ्यास से $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{1}$ इत्यादि लयों में इन्हीं तानों को बिठाने का प्रयत्न करना चाहिये। और इस प्रकार विकास करना चाहिये।

मुक्त आलापों में स्थान-परिवर्तन से नवीनता

शिक्षक इस बात का भी ध्यान रखें कि विद्यार्थी उन मुक्त आलापों का जो मन्द्र या मध्य सप्तक में दिये गए हैं, तार सप्तक में भी उसी प्रकार से यथायोग्य हेरफेर के साथ एक दूसरे प्रकार मिला कर, उपयोग करें। स्थान-परिवर्तन से वही आलाप नवीनता दर्शाएँगे।

परिशिष्ट में दिये हुए ख्याल

इस पुस्तक के अंत में परिशिष्ट के रूप में पहिले के दो भागों में आये हुए चार रागों के ख्याल दिये गए हैं। उनकी शिक्षा भी साथ साथ दी जाए जिससे इन नित्य प्रचार के रागों में अपने बनाये हुए आलापतान का विद्यार्थी विस्तार कर सकें एवं गाने का अभ्यास बढ़ा सकें।

भावानुरूप स्वरोच्चार

आजकल शास्त्रीय गायन के प्रति सुननेवालों की पर्याप्त मात्रा में उपेक्षा देखी जाती है। केवल स्वरों के Permutation (विनिमय) एवं Combination (सन्धि) बनाकर गानेवाले और केवल आलापतान लेकर सम पर आना—इसी में शास्त्रीय संगीत की अवधि को सीमित मानने वाले पुस्तकी गायकों ने शास्त्रीय संगीत के प्रति अरुचि पैदा की है और कर रहे हैं। यह सत्य कटु है, इसलिये अप्रिय भी लगेगा। किन्तु इसका कोई इलाज नहीं है। सुधारक सर्वप्रिय तो हो ही नहीं सकता। कहने बैठे हैं तो गुण-दोष कहने ही पड़ेंगे। गुण-दोष को देखकर ही क्षीर-नीर-विवेक का उपयोग किया जा सकेगा। इसीलिये इसको निरूपित किया जा रहा है।

भाषा द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति करते समय यानी नित्यप्रति की बोलचाल में, वही व्यक्ति बाजी मार लेता है, जो शब्दोच्चार में स्वरों के उतार-चढ़ाव का यथोचित उपयोग करता है। वाग्व्यवहार में इन उतार चढ़ाव से, लघु, गुरु और प्लुत उच्चार से और आवश्यकतानुसार मृदुता अथवा आघात से शब्दोच्चार करने से ही भावाभिव्यक्ति में प्रभाव पैदा किया जाता है। नित्य की बोलचाल के लिये जो सत्य है, वह व्याख्यान के लिए, कवितापाठ के लिये, अभिनय के लिये और संगीत के लिये भी सत्य है।

स्वर, लय और अभिनय की भाषा में हमें किस प्रकार बोलना चाहिए, किस प्रकार हम प्राणी मात्र के हृदय तक पहुँच सकते हैं ? शास्त्रों में इसकी विशद विवेचना पाई जाती है। संगीत रसमय होना चाहिए और उसे रसमय बनाने के लिये स्वरों के अन्तर, उनके उच्चार, उनके रसस्थान, उनके वर्ण, अंग एवं काकु इत्यादि का यथार्थ उपयोग समझ कर करना चाहिये। ऐसा संगीत मानव में ही नहीं, प्राणी मात्र में संवेदना जगा सकता है। इस संबन्ध में यहाँ शास्त्र के कुछ उद्धरण देना अनुचित न होगा।

सप्तस्वराः, त्रीणि स्थानानि, चत्वारो वर्णाः, द्विविधा काकुः, षट् अलंकाराः, षट् अंगानि।

हास्यशृंगारयोः कार्यौ स्वरौ मध्यमपंचमौ।
षड्जर्षभौ तथा चैव वीररौद्राद्भुतेषु च॥
गान्धारश्च निषादश्च कर्तव्यौ करुणे रसे।
धैवतश्च निषादश्च बीभत्से सभयानके॥
त्रीणि स्थानानि उरःकण्ठशिरांसीति भवन्त्यपि।
शारीर्यामथ वीणायां त्रिभ्यः स्थानेभ्य एव च॥
उरसः शिरसः कण्ठात् स्वरः काकुः प्रवर्तते।
आभाषणं तु दूरस्थे शिरसा संप्रयोजयेत्॥

षट् अलंकाराः

उच्चो दीप्तश्च मन्द्रश्च नीचो द्रुतविलम्बिताः।
षाड्यस्यैते ह्यलंकाराः लक्षणं च निबोधत॥

उच्चो नाम शिरस्थानगतः तारस्वरः, स च दूरस्थभाषणविस्मयोत्तरोत्तरसंजल्पदूराह्वानत्रासनार्थं वा आदिषु। दीप्तो नाम शिरःस्थानगतः तारतरः, स च आक्षेपकलहविवाद अमर्ष उत्कृष्ट घर्षण क्रोध शौर्य दर्प तीक्ष्ण रुक्षाभिधान निर्भर्त्सना आदिषु। मन्द्रो नाम उरः स्थानगतो निर्वेद ग्लानि शंका चिन्ता औत्सुक्य दैन्य आवेग व्याधि गाढ़शस्त्रक्षत मूर्छा मद आदिषु। नीचो नाम उरःस्थानगतः मन्द्रतरः, स्वभाव आभाषण व्यथि अतिश्रान्त त्रस्त पतित मूर्च्छित आदिषु। द्रुतो नाम कण्ठगतः स्खलितवेल्लन मदनभय शीत ज्वर त्रस्त गूढ़का वेदन आदिषु। विलम्बितो नाम कण्ठस्थानगतः मन्द्रः शृङ्गारवितर्कितविचारामर्श असूयिता अव्यक्तार्थ प्रव लज्जा चिन्ता तर्जन विस्मय दोषानुकीर्तन दीर्घरोष निपीडन आदिषु।

उत्तरोत्तरसंजल्पे परुषाक्षेपणे तथा।
तीक्ष्णरुक्षाभिनयने आवेगे क्रन्दिते तथा॥
परोक्तस्य समाह्वाने तर्जने त्रासने तथा।
दूरस्था भाषणे चैव तथा निर्भर्त्सनेषु च॥
भावेष्वेतेषु नित्यं हि नानारस समाश्रयात्।
उच्चा दीप्ता द्रुता चैव काकुः कार्या प्रयोक्तृभिः॥
मल्ले च मदने चैव भयार्ते चित्त विप्लुते।
मन्द्रा द्रुता च कर्तव्या काकुर्गीतप्रयोक्तृभिः॥
दृष्टादृष्टानुसारेण इष्टानिष्टश्रुतौ तथा।
दृष्टार्थख्यापने चैव चिन्तयाने तथैव च॥
विस्मयामर्षयोश्चैव हर्षे च परिदेविते।
उन्मादेऽसूयने उपालम्भे तथैव च॥
अव्यक्तार्थ प्रदाने च तथा लोके तथैव च।

उत्तरोत्तरसंजल्पे कार्ये अतिशयसंयुते ।।
चिन्तिते व्याधिते त्वङ्गे दुःखशोके तथैव च ।
विलम्बिता च दीप्ता च काकुर्मन्दा च वै भवेत् ।।
यानि सौम्यार्थयुक्तानि सुस्वभावकृतानि च ।
मन्द्रा विलम्बिता चैव तत्र काकुर्विधीयते ।।
उच्चा दीप्ता च कर्तव्या काकुस्तत्र प्रयोक्तृभिः ।
हास्यशृङ्गारकरुणेष्विष्टा काकुर्विलम्बिता ।।
वीररौद्राद्भुतेपूच्चा दीप्ता चापि प्रशस्यते ।
भयानके सबीभत्से द्रुता नीचा च कीर्तिता ।।
एवं भावरसोपेता काकुर्योज्या प्रयोक्तृभिः ।।

(भरत नाट्यशास्त्र पृ० २२१-२४)

अल्प में इसका सार कह देना समुचित होगा। सभी जानते हैं कि गाते समय सप्तस्वरों के तीव्र-कोमलादि भिन्न-भिन्न रूप प्रयोग में लाये जाते हैं। ये स्वर तीन स्थानों अथवा तीन सप्तकों में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त हम अपने संगीत में कई प्रकार के अलंकारों का उपयोग करते हैं। तदुपरान्त स्वर के वर्ण, काकु आदि भेद रस निर्माण के लिये अत्यन्त आवश्यक हैं। वर्ण का अर्थ है—स्वरों का गुणधर्म। स्थान भेद, उच्चार भेद और गति भेद से स्वरों में जो परिवर्तन होते हैं, वही स्वरों के गुणधर्म कहलाते हैं। एक ही स्वर, एक ही स्थान में भिन्न-भिन्न रूप से उच्चारा जा सकता है और उससे उसके भिन्न-भिन्न अर्थ उत्पन्न होते हैं। यथा—स्वरों का उच्चार कभी मन्दता से, कभी आघात से, कभी कम्प से, कभी आन्दोलित रूप से, कभी अल्प मात्रा में, कभी दीर्घ मात्रा में करने से भिन्न-भिन्न भावों की जो अभिव्यक्ति होती है, उसी क्रिया के लिये महर्षि ने 'वर्ण' शब्द का प्रयोग किया है।

भाव की अभिव्यक्ति के लिये स्वरों में काकु का प्रयोग भी अनिवार्य माना गया है। 'काकु' शब्द का अर्थ स्वर-भेद करना चाहिये। गाते समय सुख-दुःखादि संवेदन प्रकट करने के लिये स्वरों में जो परिवर्तन किये जाएँ, उसी स्वर-भेद को काकु कहा है। करुणा के अवसर पर गीतालाप करते समय विलाप की अभिव्यक्ति करने से ही रस की सिद्धि होगी। और ऐसे अवसर पर स्वर गद्गद होना ही चाहिए। तद्वत् क्रोधित, चिन्तित, शान्त, नैराश्य, निर्वेद आदिक अनेक मानसिक अवस्थाएँ निदर्शित करने के लिये कण्ठ में उसी प्रकार का स्वर-भेद करना अनिवार्य है। स्वरभेद की इन अवस्थाओं को काकु संज्ञा से संबोधित किया गया है।

किसी को बुलाना हो, पुकारना हो, संबोधन करना हो, आश्चर्य व्यक्त करना हो, विस्मय का भाव दिखाना हो, आवेश दर्शाना हो, डर बताना हो, तो ऐसी अवस्था में मध्यसप्तक के पंचम से तार सप्तक के ऋषभ तक स्वरों की कुछ द्रुतगति में योजना करने से उन भावों की अभिव्यक्ति होगी।

तद्वत् कलह, युद्ध का आह्वान, क्रोध का आवेश, वाताधिक्य, कठोरता, गर्व, शौर्य, निर्भर्त्सना एवं भीति आदि भावनाओं को निवेदित करने के लिये तार सप्तक के उच्च स्वरों का द्रुत गति में उपयोग करना चाहिए। विराग में, दैन्य में, मन की शून्यावस्था में, दीर्घ बीमारी में, निर्वेद में एवं चिन्तित अवस्था में मन्द्र सप्तक के स्वरों का मन्द आवाज में एवं विलम्बित गति से उच्चार करना आवश्यक है। इसी से वांछित भाव अभिव्यक्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त लज्जा, शान्ति, भय, वगैरह भावनाएँ मध्य सप्तक के स्वरों का संकोचन करके सकम्प द्रुतगति से उच्चार करने से अभिव्यक्त हो सकेंगी। तद्वत् निराशा, उच्छ्वास, नितान्त श्रमित अवस्था मूर्छा, चिन्ता, शान्त दशा एवं स्थितप्रज्ञता—मन्द्र सप्तक के स्वरों को मन्द्रगति से गाने से परिस्फुट होंगी।

इन सब भावोत्पादक क्रियाओं को कंठ सुविधा से उपजा सके, इसीलिये गायक को स्वाधीनकंठ बनना चाहिए, और स्वाधीनकंठ बनने के लिये नित्यप्रति का साधन आवश्यक है।

स्वर-साधना

यूरोप में Voice Culture पर बहुत जोर दिया गया है, और उस पर कई ग्रन्थ लिखे गए हैं। किन्तु उन लोगों की स्वर लगाने की शैली, कंठ पर प्रभुत्व पाने की क्रियाएँ, श्वासोच्छ्वास की प्रक्रियाएँ इत्यादि संभवतः भारतीय संगीतोपयोगी कंठ के लिये उपयुक्त होंगी या नहीं, इसमें मतभेद को अवकाश है। किन्तु Voice Culture के लिये भारतीय परंपरा है ही नहीं, ऐसा कहने वाले वास्तविक सत्य की उपेक्षा करते हैं। यहाँ पर एक स्वानुभव उद्धृत करूँ तो अनुचित न होगा।

मेरा बाल—कंठ अतीव मधुर था और तीनों सप्तकों में सुविधा से घूमता था। किन्तु यौवन आते ही फूटे मटके के सदृश मेरा कंठ फट गया। वह आवाज इतना कर्णकटु था कि मुझे स्वयं ही उस पर लज्जा आती थी। मैं कतई गाना छोड़कर मृदंग, इसराज और हार्मोनियम पर रियाज करने लगा। किन्तु साथ ही मेरे गुरुदेव पं० विष्णुदिगम्बरजी पलुस्कर की आज्ञानुसार ब्राह्म मुहूर्त में प्रातः चार बजे तानपुरा लेकर उनके सोने के कमरे के बाहर बैठकर उनके बताये हुए मार्ग से मन्द्र साधना करता रहा। बीच बीच में वे मार्गदर्शक सूचना देते रहते थे और मैं उस पर अमल करता था। आज मेरे कंठ में यदि कुछ है तो वह उसी साधना का परिणाम है।

वह मंद्र-साधना क्या थी ?—

प्रातःकाल सूर्योदय के पूर्व अपने स्वर का जो षड्ज हो, उस षड्ज से मन्द्र में नीचे से नीचे जहाँ तक आवाज जा सके, वहाँ पर कण्ठ स्थिर करके दीर्घ समय तक उस स्वर का प्लुतोच्चार किया जाए। भिन्न भिन्न शारीरिक शक्ति के अनुसार तथा कंठस्थित ध्वन्युत्पादक नाड़ियों (Vocal chords) की रचनानुसार आरंभ का स्वर भिन्न भिन्न हो सकता है। सामान्य रूप से अपने मध्य षड्ज से कम से कम पाँच स्वर मंद्र में आवाज जा सके और अपने तार षड्ज से कम से कम पाँच स्वर ऊपर आवाज जा सके, ऐसी मर्यादा बाँधकर ही मध्य षड्ज निश्चित किया जाए। ढाले स्वर से गानेवाले कुछ लोग ऊँचे स्वरवाले अपने शिष्यों को भी ढाले स्वर से गाने के लिये बाध्य करते हैं, और इस प्रकार स्वाभाविक प्रकृति बिगड़ने से मूल्यवान् आवाज नष्ट हो जाता है। ऐसी सभी दृष्टियों को ध्यान में रखकर ही मंद्र साधना की जाए।

अपने मध्य षड्ज के नीचे जिनका स्वर मंद्र षड्ज (खरज) को लगा सकता हो, वे कम से कम पंद्रह मिनट और अधिक से अधिक आधा घंटा तक मंद्र के षड्ज पर कण्ठ को स्थिर करें। अकार आकार, ईकार, ऊकार, ओकार इत्यादि स्वरों से उसका उच्चार किया जाए। अकारादि भिन्न भिन्न उच्चारों के समय कंठ में कुछ परिवर्तन होते हैं, जिनके फेफड़ों पर, श्वासनली पर एवं उदर पर भिन्न भिन्न परिणाम होते हैं। षड्ज के के बाद कम से कम पाँच मिनट और अधिक से अधिक दस मिनट तक ऋषभ को स्थिर करें। उसी क्रम से गान्धार मध्यम, धैवत, निषाद को एक एक करके स्थिर करते हुए मध्य षड्ज तक पहुँचा जाए। इसके बाद— ४, २, १, ½, ¼, ⅛ आदिक मात्राओं से निबद्ध तानों का अभ्यास किया जाए और भिन्न भिन्न रागों में भिन्न भिन्न अलंकारों को कंठ में बिठाया जाए। तान-क्रिया के अभ्यास के समय रुचि अनुसार और समयानुसार भिन्न भिन्न रागों का उपयोग किया जाए। अकारादि स्वर-समूहों का षड्जादि संगीत के स्वरों के साथ उच्चार करने के अभ्यास से भावानुकूल नाद की अभिव्यंजना करने की क्षमता आ जाती है।

मन्द्र साधना के पश्चात् और गाने के अभ्यास के बाद विद्यार्थी यह सदैव ध्यान रखें कि तत्काल ताल मिश्री की एक डली मुँह में डाल ली जाए। इससे कंठ और ध्वन्युत्पादक नाड़ियाँ (Vocal chords) जिनमें खुश्की पैदा हुई होगी, वे स्निग्ध और तर हो जाएँगी। और पन्द्रह बीस मिनट के पश्चात् उबले हुए दूध में एक चम्मच घी और मिश्री डाल कर पचन की शक्ति अनुसार पी जाएँ। संभव हो तो

बादाम का हलुआ बना कर उस पर से यह घी वाला दूध पी लिया जाए। यदि यह संभव न हो तो कुछ बादाम घिस कर (पीस कर नहीं) दूध में मिला कर पी लिया जाए।

कुछ अन्य शारीरिक प्रक्रियाएँ

मन्द्र साधन के संबन्ध में इतना कहने के बाद कंठ, फेफड़े, छाती, श्वास-नलिका, उदर भाग इत्यादि के संबन्ध में भी कुछ कह देना उचित समझता हूँ।

सामान्यत: यह लोकवाक्यता है कि गायकों को व्यायाम नहीं करना चाहिये। किन्तु यह धारणा वास्तविक तथ्य पर आधारित नहीं है। यदि मुझे निजी अनुभव के बल पर कहने का अधिकार हो तो मैं कह सकता हूँ कि मैं नित्यप्रति लगातार सवा घंटे तक साढ़े सात सौ डण्ड लगाया करता था और आठ आठ मील तक तैरने का मेरा अभ्यास था। साथ ही मुझे कुश्ती का भी शौक रहा। फलस्वरूप विश्वविजयी पहलवान गामा के अखाड़े में खेलने का और उनसे भी थोड़ी तालीम पाने का मुझे सौभाग्य मिला है। छाती में बल न हो, श्वासोच्छ्वास स्वाधीन न हो, तो वांछित आवाज लग नहीं सकता, लगाने के लिये मन भी उद्युक्त नहीं करेगा। कसरतबाज मनुष्य मनोवृत्ति से सहज ही ब्रह्मचर्य का पालन करने में बल पाता है, बल्कि विषय के प्रति अनिच्छा सी रखता है। और गान-विद्या में ब्रह्मचर्य का पालन एक अनिवार्य शर्त है। इन सभी दृष्टि बिंदुओं से मैं यह कह सकता हूँ कि गान-क्रिया की कुशलता के लिये उस गान में प्रभाव पैदा करने के लिये व्यायाम और प्राणायाम दोनों को ही करना जरूरी है। व्यायाम और प्राणायाम दोनों ही एक साथ सध जाए, ऐसे मेरी राय में दो व्यायाम हैं—एक समन्त्र सूर्य नमस्कार और दूसरा तैरना। जिन्हें इन दो में से किसी की भी अनुकूलता न हो, वे अपनी शक्ति के अनुसार डण्ड बैठक लगाएँ और प्राणायाम कर लें। यौगिक प्राणायाम और संगीतोपयोगी प्राणायाम में कोई विशेष अन्तर नहीं है। हाँ, संगीतोपयोगी प्राणायाम में क्रमश: अधिकाधिक कुंभक किया जाए। प्राणायाम की सारी विधि और क्रिया यहाँ बताने का अवकाश नहीं है। किन्तु, जब प्राणायाम किया जाए, तब सिद्धासन पर आरूढ़ होकर ही किया जाए।

मंद्रसाधना के समय और गाते समय भी दो आसन प्रशस्त माने हैं—एक वीरासन, जिसमें बांयां घुटना मोड़ कर, उसी एड़ी से गुह्य और गुदा के बीच के स्थान को दबा कर दाहिना घुटना खड़ा रखा जाता है। श्वासोच्छ्वास की प्रक्रिया के लिये यह आसन उचित माना गया है। दूसरा आसन सिद्धासन है। इसमें भी बांई एड़ी को गुह्य और गुदा के बीच में दबा कर दाहिना पैर बांई पिंडली पर चढ़ा कर बैठा जाता है। 'सम-कायशिरोग्रीव'—इस वचनानुसार सीधे—रीढ़ का कोई हिस्सा झुकने न पाए—इस प्रकार बैठ कर आसन जमाया जाए। गाते समय गर्दन इधर-उधर घूमती रहे, लेकिन मंद्रसाधना के समय हनु (ठुड्डी) कंठ देश में लगाकर ही साधना की जाए।

इस प्रकार की साधना भी एक प्रकार से यौगिक साधना ही है। बल्कि यौगिक क्रिया में तो मन:स्थैर्य आयास करने पड़ते हैं, जब कि संगीत में अनायास मन स्थिर हो जाता है। यदि साधक साधना अकार उकारादि स्वरों पर स्थिर होते समय ओकार का दीर्घ उच्चार करने के बाद मुख बंद 'ओम्' के 'म्' का दीर्घ काल तक बंद मुख से उच्चार करे, तो उससे मस्तक प्रदेश में एक प्रकार हट पैदा होगी, जिससे उस प्रदेश के अविकसित विभाग खुल जाएँगे। दुनिया भर की Faculties मानव-मस्तिष्क में ही सन्निहित हैं। उनके विकास से ब्रह्म और ब्रह्माण्ड का दर्शन भी सहज हो भावना है।

प्रस्तावना पर्याप्त लंबी हुई। जो जिस मार्ग के पथिक होंगे, उन्हें उसके लिये इसमें से कुछ न कुछ श्रम—सार्थक्य मानूँगा।

सर्वज्ञ कोई नहीं है और अल्पज्ञ से भूल होती ही है। भूलनिदर्शन के लिये मेरा अनुरोध है; नये सदैव स्वागत होगा।

कुछ पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या

वादी संवादी अनुवादी और विवादी स्वर

आजकल संगीत की सामान्य बोलचाल में रागों में प्रयुक्त होनेवाले सबल और निर्बल स्वरों को दर्शाने के लिये वादी संवादी अनुवादी विवादी आदि शब्दों का प्रयोग प्रचार में है। वास्तविकत: यह स्वर-भाषा है। स्वरों के पारस्परिक सम्बन्ध को निदर्शित करने के लिये इन शब्दों का प्रयोग किया गया है। किस स्वर के साथ किस स्वर का सम्बन्ध है—संवादी है, अनुवादी है या विवादी है, इसको समझाने के लिये ही इन शब्दों का शास्त्रों में प्रयोग हुआ है। रागों में प्रयुक्त स्वरों में पारस्परिक संवाद, अनुवाद या विवाद क्या है, इसको इन शब्दों से समझाया गया है। राग के रागत्व को दर्शानेवाला जो मुख्य स्वर है, वह जब दस लक्षणों से युक्त होता है, तब उसी मुख्य वादी स्वर को अंश कहा जाता है। उसी अंश स्वर के साथ संवाद करनेवाले को संवादी, अनुवाद करनेवाले को अनुवादी और विवाद करनेवाले को विवादी कहते हैं। संवाद की शर्त है कि नव-श्रुत्यंतर यानी षड्ज-मध्यम-भाव और त्रयोदश-श्रुत्यंतर यानी षड्ज-पंचम-भाव से स्वरों का परस्पर अंतर रहना चाहिये। स्थूल कान से भी यह षड्ज मध्यम-संवाद या षड्ज-पंचम-संवाद समझा जा सकता है। इस प्रकार जो स्वर आज हमारी गान-वादन-क्रिया में प्रयुक्त होते हैं, उनका स्थूल स्वरूप भी यदि देखें तो उनमें निम्नोक्त स्वर-संवाद दृष्टिगोचर होंगे। यथा—

षड्ज-मध्यम संवाद			षड्ज-पंचम-संवाद		
सा	—	म	सा	—	प
रे॒	—	मं	रे॒	—	ध॒
रे (त्रिश्रुतिक)		प (त्रिश्रुतिक)	रे (त्रिश्रुतिक)	—	ध (त्रिश्रुतिक)
रे (चतुःश्रुतिक)	—	प (चतुःश्रुतिक)	रे (चतुःश्रुतिक)	—	ध (चतुःश्रुतिक)
ग॒	—	ध॒	ग॒	—	नि॒
ग*	—	ध (त्रिश्रुतिक)	ग	—	नि ‡
म	—	नि॒ †	म	—	सां

पूर्वांग के इन चार स्वरों का जो संवाद उत्तरांग में है, वही संवाद उत्तरांग के चार स्वरों का पूर्वांग में उसी के उल्टे क्रम से होगा।

पं० भातखंडे के ग्रन्थों में उल्लिखित रागों में दर्शाये हुए वादी-संवादी के परस्पर स्वर सं वसर
लिखित व्याख्या से पर्याप्त अंतर पाया जाता है। स्थूल मान से देखने पर भी कई रागों में उनके ने औा म ाभल
स्वर-संवाद से किसी प्रकार भी हम सहमत नहीं हो सकते। उदाहरणार्थ श्री राग में निदर्शित कोम नभ मयानुसार
साथ पंचम का संवाद और मारवा में कोमल ऋषभ के साथ शुद्ध धैवत का संवाद—ये दो संवाद कयां ाथ उच्चार
की सं

भातखण्डे ने षड्ज-मध्यम और षड्ज-पंचम संवाद को क्रमशः चौथे और पाँचवे स्वर का अंतर मान लिया है। शास्त्रोक्त नव-त्रयोदश-श्रुत्यंतर की व्याख्या उन्होंने स्वीकृत नहीं की। इतना ही नहीं, षड्ज से चौथा स्वर मध्यम और षड्ज से पाँचवाँ स्वर पञ्चम—इस क्रम से स्वरों का संवाद वास्तव में होता भी है या नहीं, इसकी ओर भी न जाने क्यों उन्होंने ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने तो केवल स्थूल मान से ही चौथे और पाँचवें स्वर को संवादी मान कर तदनुसार अपने रागों में प्रयुक्त वादी स्वर से संवादी स्वर को चौथे या पाँचवें स्थान पर रख दिया है। इसीलिये ऋषभ कोमल के साथ पंचम का और शुद्ध धैवत के साथ कोमल ऋषभ का संवाद न होने पर भी उन्होंने इन चौथे और पाँचवें अंतर वाले स्वरों को संवाद कर दिया है। हमारी राय में न यह व्याख्या शास्त्रीय है और न युक्ति संगत ही है। भरतादि ग्रन्थकारों ने नव-त्रयोदश-श्रुत्यंतरों को ही संवादी कहा है। वही सत्य संवाद है।

इन संवादी स्वर-जोड़ियों के अतिरिक्त और जो स्वर रह जाते हैं, जो पारस्परिक संवाद को पुष्ट करते हों, विवाद न करते हों, स्वरों की वादी-संवादी जोड़ियों का अनुगमन करते हों, ऐसे जो स्वर राग में प्रयुक्त होते हों, उन्हें अनुवादी कहा जाता है।

जो स्वर इन वादी-संवादी और अनुवादी स्वरों से किसी प्रकार का मेल न रखते हों, अपितु विरोध करते हों, उन्हें विवादी कहा है। ये विवादी स्वर एक विचित्र प्रकार के कंपन पैदा करते हैं, जिसे अंग्रेजी में beats कहते हैं, जो सारे स्वर-समूह में खलबली पैदा कर देते हैं। जो सारे स्वर-संवाद के दूध को फाड़ देता है, उसीको विवादी कहा है। शास्त्र में तो त्रिश्रुति ऋषभ के साथ द्विश्रुति गान्धार और त्रिश्रुति धैवत के साथ द्विश्रुति निषाद विवाद करता है, ऐसा कहा है। इसीलिये शास्त्रकारों ने विवाद को दर्शाने के लिये दो और बीस श्रुत्यंतर को ही विवादी माना है और उसी का उल्लेख किया है, यथा :—

विवादिनस्तु ते येषां विंशतिस्वरमन्तरम्। तद् यथा ऋषभगान्धारौ, धैवतनिषादौ। (भरतनाट्यशास्त्र पृ० ३१)

प्राचीन काल में वीणा पर ही गान-वादन की क्रिया होती थी। इसलिये पर्दे बँधे रहने के कारण और किसी प्रकार का बेसुरापन होने की संभावना नहीं थी। अतः इन्हीं दो विशेष स्वर-जोड़ियों को प्राचीनों ने विवादी माना है और तदनुसार लिख दिया है। वास्तव में इन दो विवादों के अतिरिक्त और भी विवाद हो सकते हैं। यथा—जो स्वर-जोड़ियाँ संवादी या अनुवादी मानी हैं, वे पूर्णतया यदि संवाद न करें तो विवादी ही मानी जाएँगी। जैसे षड्ज के साथ पंचम का तेरह श्रुत्यंतर से संवाद है। यदि यह पंचम ठीक से न मिलाया जाए, या एक श्रुति कम करके मिलाया जाए, तो वह संवाद न करके विवाद ही करेगा। क्योंकि परस्पर संवाद न होने से भी एक प्रकार का कंप होता है और वह कंप इतना कर्णकटु होता है कि जिसे सुनते ही रोम खड़े हो जाते हैं, और भौंहें तन जाती हैं। इसलिये इन संवाद-भिन्न नादों को भी विवादी मानना चाहिये।

रागों में वादी संवादी, अनुवादी और विवादी स्वर मानने की परंपरावाले विवादी को शत्रुवत् कहते राग में जो स्वर निषिद्ध हो, उसका प्रयोग निश्चय ही शत्रुवत् माना जाना चाहिये। किन्तु गान-वादन की ...में कुशल गुणी ऐसे निषिद्ध स्वरों का भी कभी कभी ऐसी खूबी के साथ प्रयोग करते हैं, जिससे राग का यह बढ़ जाता है। इस प्रकार जो राग के सौन्दर्य को बढ़ाता है, उसे हम शत्रु कैसे कह सकेंगे? इससे है कि शत्रुत्व और विवादित्व भिन्न वस्तु है। उपरिकथित विवरण से समझना सहज होगा कि वादी प्रनुवादी, विवादी—स्वरों के इन पारस्परिक सम्बन्धों को दर्शाने के पीछे शास्त्रकारों का क्या हेतु था।

ग्रह—अंश—न्यास—संन्यास—विन्यास—अपन्यास

उपरिलिखित पारिभाषिक शब्दों की सामान्य व्याख्या 'संगीताञ्जलि' के द्वितीय भाग में दी जा चुकी विशेष स्पष्टता के लिये मतंगकृत 'बृहद्देशी' में दी हुई व्याख्या, जो कि कुछ भिन्न शब्दों में है, यहाँ उद्धृत ...ा समुचित माना गया है।

ग्रह स्वर का लक्षण मतंग ने इस प्रकार दिया है—'आदौ जात्यादिप्रयोगो गृह्यते येनासौ ग्रहः।' अर्थात् जाति आदि का गान-प्रयोग जिस स्वर से आरंभ किया जाए, वह ग्रह स्वर है। आज भी राग के आरंभक स्वर को ग्रह कहते हैं।

वादी स्वर जब दस लक्षणों से युक्त होता है, तब अंश स्वर बनता है, यह द्वितीय भाग में स्पष्ट किया जा चुका है। अंश स्वर और ग्रह स्वर में क्या अंतर है, यह समझाते हुए मतंग ने कहा है—

'अंशो वाद्येव परं, ग्रहस्तु वाद्यादिभेद—भिन्नश्चतुर्विधः। यद्वा प्रधानाप्रधानकृतो भेदः। ग्रहो ह्यप्रधान-भूतः। रागजनकत्वाद् व्यापकत्वाच्चांशस्यैव प्राधान्यम्। [बृहद्देशी पृ० ५६]

अर्थात्—अंश तो सदैव वादी स्वर ही होता है, किन्तु ग्रह स्वर के लिये यह नियम नहीं कि वह वादी भी हो; वह संवादी, अनुवादी आदि भी हो सकता है। दूसरा एक अन्तर यह भी है कि ग्रह स्वर अंश स्वर की अपेक्षा अप्रधान होता है। अंश स्वर राग का जनक और राग में व्याप्त होने के कारण प्रधान होता है।

अंश स्वर की दस विशेषताओं का विवरण मतंग ने निम्नलिखित प्रकार से दिया है—

'अंशविभागः स दशविधो बोद्धव्यः यस्मिन्नंशे क्रियमाणे रागाभिव्यक्तिर्भवति सोऽशः। यस्माद्वारभ्य गीतः प्रवर्तते न ग्रहस्स्वरितः। स्वांशो द्वितीया तारमन्द्राभिव्यक्तिहेतुः स्वांशस्तृतीयः, पञ्चमस्वरमारोहणं तारं कदाचित् षष्ठस्वरारोहणमपि तारः।...यथा तारनियामकमन्द्रनियामकस्त्वरोऽप्यंशस्सप्तस्वरावरोहणा......। यश्च बहुप्रयोगतरः सोऽप्यंशः। यो रागस्य विषयत्वेनावस्थितः स्वरः सोऽप्यंशः।' [बृहद्देशी पृ० ५७]

अर्थात्—अंश स्वर दस प्रकार से बनता है। यथा—१) जिससे रागाभिव्यक्ति होती हो। २) जिस से गीत का आरंभ होता हो, ग्रह स्वर से यह भिन्न होगा। ग्रह स्वर राग के स्वरूप-विकास का आरंभक स्वर होता है, जब कि यहाँ तालबद्ध गीत का आरंभक स्वर अभिप्रेत हो, ऐसा प्रतीत होता है। ३-४) तार और मन्द्र स्थानों के स्वरों की अभिव्यक्ति का हेतु। ५) जिससे आगे पाँच या छैः स्वरों तक तार में आरोह हो सकता हो। ६-७) तार और मन्द्र स्थानों के स्वरों का नियामक। ८) जिससे सात स्वर नीचे तक अवरोह हो सकता हो। ९) जिसका अधिक प्रयोग हो। १०) राग के विषय अर्थात् केन्द्र विन्दु के रूप में जो स्थित हो।

न्यास स्वरों अर्थात् घूम फिर कर बार बार जिन पर ठहरा जाता है, उनके विषय में मतंग ने निम्नलिखित सूक्ष्मतापूर्ण व्याख्या दी है:—

'तत्र' प्रथममविदारी मध्ये न्यासस्वराः प्रयुक्ताः।...यत्र गीतमिति समाप्तिरिति संभाव्यते, सोऽपन्यासः। सर्वविदारी* मध्यमो भवति।...अंशस्य विवादी यथा न भवति प्रथमविदार्यान्तेर्यादि प्रवृत्तो यदा भवति, तदासौ संन्यास इत्यर्थः......। एष एव तु संन्यासस्वरः पदान्ते विन्यस्यते तदा विन्यासः। [बृहद्देशी पृ० ५८]

अर्थात् गान-क्रिया के खण्डों के बीच बीच में जिस पर घूम फिर कर ठहरा जाए, वह न्यासस्वर कहलाता है। अर्थात् गान-क्रिया के विभिन्न खण्डों में से एक खण्ड से दूसरे में जाते समय जो ठहराव किया [illegible] उसका द्योतक न होकर न्यास-स्वर एक ही खण्ड के अन्तर्गत किये जाने वाले विभिन्न ठहरावों का द्योत[illegible] जहाँ ऐसा प्रतीत हो कि गीत समाप्त हुआ चाहता है, (परन्तु वास्तव में समाप्ति न हो) वहाँ अपन्यास स[illegible] चाहिये। यह अवस्था सब खण्डों के पारस्परिक मध्यभाग में रहेगी। जो स्वर अंश का विवादी न हो, [illegible] गीत के प्रथम खण्ड की समाप्ति जिस पर की जाए वह संन्यास कहलाता है। यही संन्यास स्वर जब [illegible] (समूचे गाने) के अंत में रखा जाए—तब विन्यास कहलाता है।

---

* गान-क्रिया के खण्डों को 'विदारी' कहा है।

उपर्युक्त सूक्ष्म भेदों के अतिरिक्त मातंग ने न्यास की सामान्य व्याख्या इस प्रकार भी दी है—

'न्यस्ते त्यज्यते यस्मिन् येन वा गीतं तन्न्यास इति।' [बृहद्देशी पृ० ६०]

अर्थात् जिस स्वर पर गीत को समाप्त किया जाए, वही न्यास है।

उपरिलिखित सूक्ष्म और सामान्य व्याख्याओं के आधार पर, विद्यार्थियों की सुगमता के लिये, मध्यम मार्ग अपना कर प्रस्तुत पुस्तक में 'न्यास' शब्द का, राग में बार बार ठहराव का स्थान दर्शाने के लिये और विन्यास शब्द का, पूर्ण समाप्ति दिखाने के लिए, उपयोग किया गया है।

बल-अबल

रागों में कुछ स्वर ऐसे होते हैं कि जिनका बार बार उच्चारण किया जाता है, जिन पर मुकाम किया जाता है। चाहे वह अंश स्वर हो या न हो, फिर भी वह स्वर इतना अधिक बलवान् दिखता है कि जिससे मानों वही वादी हो, वही रागवाची हो ऐसा प्रतीत होता है। ऐसे स्वरों को बलवान् स्वर कहा है। उसके विपरीत जिन स्वरों का उपयोग अत्यल्प मात्रा में होता है, वे निर्बल या अबल कहे जाते हैं। इसका एक उदाहरण समझ लें। देश के पूर्वाङ्ग में ऋषभ पर अधिक ठहरते हैं। यह उसका बलवान् स्वर है और न्यास स्वर भी है, क्योंकि बारंबार उसका उच्चार और उस पर मुकाम किया जाता है। फिर भी यह उसका अंश स्वर नहीं है। विद्यार्थी जानते हैं कि देश के अवरोह में गान्धार धैवत का प्रयोग न किया जाए तो वह देश न रह कर समूचा सारंग ही हो जाएगा। देश राग का देशत्व पूर्वाङ्ग में गान्धार पर और उत्तरांग में धैवत पर ही अवलंबित है, चाहे वे स्वर अल्प मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं। विशाल देह में प्राण की मात्रा अल्प होने पर भी देह उसी पर जीवित रहता है, तद्वत् राग का प्राण या अंश-स्वर अल्पत्व या बहुत्व अथवा अबलत्व और सबलत्व पर निर्भर नहीं है। राग में स्वरों की इन अवस्थाओं को दर्शाने के लिये बल-अबल शब्दों का प्रयोग किया गया है।

'बल' 'अबल' को दर्शाने के लिये 'अल्पत्व-बहुत्व' इन शब्दों का भी शास्त्रों में प्रयोग किया गया है। 'संगीत रत्नाकर' में 'बहुत्व' का लक्षण इस प्रकार दिया है :—

अलङ्घनात्तथाऽभ्यासाद्बहुत्वं द्विविधं मतम्।
पर्यायांशे स्थितं तच्च वादिसंवादिनोरपि॥
(सं० र० १।४६)

अर्थात् 'अलङ्घन' और 'अनभ्यास' से बहुत्व दो प्रकार का होता है। लङ्घन का अर्थ है स्वर का पूरा उच्चार न करके केवल ईषत् स्पर्श से उच्चार करना। अतएव 'अलङ्घन' का अर्थ हुआ—ऐसे लङ्घन का अभाव अर्थात् संपूर्ण रूप से, साकल्य-सहित स्वर का उच्चार। अभ्यास का अर्थ है—बार बार दोहराना। यह बहुत्व ऐसे स्वरों में भी रह सकता है जो अंश न होते हुए भी वादी या संवादी हो।

'अल्पत्व' का लक्षण निम्नोक्त है :—

अल्पत्वं च द्विधा प्रोक्तमनभ्यासाच्च लङ्घनात्।
अनभ्यासस्त्वनंशेषु प्रायः लोप्येष्वपीष्यते॥
[सं० र० १।५०]

अर्थात्—अनभ्यास (बार बार न दोहराने से) और 'लङ्घन' से अल्पत्व दो प्रकार का होता है। यह अल्पत्व प्रायः ऐसे स्वरों में रहता है जो अंश न हों अथवा जिनका लोप अभीष्ट हो।

निबद्ध-अनिबद्ध गान

जो गीत, जो आलाप, जो तान, विना लय या ताल के गाया बजाया जाए, उसे अनिबद्ध गान-क्रिया कहते हैं। जो लयबद्ध और तालबद्ध गीत और आलप्ति-प्रयोग है, वे निबद्धगान कहलाते हैं।

संगीत रत्नाकर में निबद्ध अनिबद्धगान की व्याख्या इस प्रकार की है :—

निबद्धमनिबद्धं तद्द्वेधा निगदितं बुधैः ॥
बद्धं धातुभिरङ्गैश्च निबद्धमभिधीयते।
आलप्तिर्बन्धहीनत्वादनिबद्धमितीरिता ॥
(सं० र० ४।४५)

अर्थात्-गान दो प्रकार का होता है—निबद्ध और अनिबद्ध। जो गान 'धातु' और 'अङ्ग' द्वारा निबद्ध हो, वह 'निबद्ध' कहलाता है। बन्ध रहित होने के कारण आलप्ति को 'अनिबद्ध' कहा जाता है। ['धातु' और 'अङ्ग' प्रबन्धगान के अवयव विशेष हैं]।

रागांग-परिभाषा

शास्त्रकारों ने रागों में प्रयुक्त होनेवाले अंगों के बारे में रागांग, भाषांग, क्रियांग और उपांग—ऐसे कुछ भेद माने हैं। उन शब्दों में से प्रथम तीन की निरुक्ति मतंग ने निम्नोक्त दी है :

'ग्रामोक्तानां तु रागाणां छायामात्रं भवेदिति।
गीतज्ञैः कथिताः सर्वे रागाङ्गास्तेन हेतुना ॥
भाषाच्छायाऽऽश्रिता येन जायन्ते सदृशाः किल।
भाषाऽङ्गास्तेन कथ्यन्ते गायकैस्तौकिकादिभिः ॥
करुणोत्साहशोकादिप्रबला या क्रिया ततः।
जायन्ते च यतो नाम क्रियाऽङ्गा कारणात्ततः ॥'

प्राचीनकाल में षड्जग्राम और मध्यमग्राम—इन दोनों ग्रामों की मूर्च्छनाओं से जो राग संभूत होते थे, उन मूल रागों की जिन २ रागों में छाया दिखाई देती थी, उन्हें रागांग कहते थे। यहाँ उसकी निगूढ़ व्याख्या करने का अवसर नहीं है। किन्तु आधुनिक गान-वादन के प्रयोग में रागांग का यानी राग के अंग का किस रूप में उपयोग होता है, उसे हम अल्प में समझ लें। यथा कल्याण-अंग ले लें। कल्याण राग का अपना जो अंग है, वह नि रे सा, ध नि रे सा, नि ध नि रे सा—अथवा प रे सा—इन स्वरों में अभिव्यक्त होता है। इसी अंग का किसी अन्य राग में उपयोग होते ही, वहाँ पर कल्याण की छाया दिखाई देगी, ऐसी छाया जहाँ २ दिखाई दे, उसे कल्याण-अंग कहेंगे। जिन रागों में इस अंग की छाया प्रधानरूप से दिखाई देगी, वे कल्याण अंग के ही राग माने जायेंगे। केवल ऋषभ धैवत शुद्ध और तीव्र मध्यम लेनेवाले रागों को, यदि उनमें कल्याण का अंग नहीं है, तो उन्हें उस अंग का नहीं ही माना जाना चाहिये। यथा—केदार और कामोद

ग

को देखें। केदार का केदारत्व अथवा केदार का अपना रागत्व—सा म, म प, प ध म, सा म, म प, मं प ध—म, म रे—सा—इसी पर निर्भर है। इसमें कल्याण का अपना अंग कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता है। इसलिये इसे कल्याण-अंग का राग नहीं ही मानना चाहिये। वही अवस्था कामोद की भी है। जलधर केदार नामक राग में स्वरों की दृष्टि से दुर्गा के स्वर ही लगते हैं। फिर भी क्योंकि सा म, म प, ध म, म रे सा—

यों केदार अंग से इसे गाया जाता है। इसीलिये उसे केदार-अंग का राग मानकर जलधर-केदार कहा गया है। विस्तार भय से अन्य रागों के अंगों का विवरण यहाँ देना संभव नहीं है। फिर भी मुझे विश्वास है कि विद्यार्थी और शिक्षक, रागांग या राग के अंग से क्या अभिप्रेत है, उसे इतने विवरण से समझ जायेंगे।

शास्त्रों में उल्लिखित दूसरा अंग है—भाषांग। भारत बहुत बड़ा देश है और प्रचुर भाषाएँ यहाँ प्रचलित हैं। हरेक भाषा के उच्चारों का अपना एक विशेष अंग रहता है। गीत की या राग की गान-क्रिया के अवसर पर भाषाओं के भिन्न २ उच्चारों की कुछ प्रति क्रियाएँ संगीत के स्वरों के उच्चारों पर भी होती हैं। यदि इंग्लिश की कविता हम लोग अपने राग में गाएँ, तो वह कैसी लगेगी? भारत में भी पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, सिन्धी, महाराष्ट्री, कर्णाटकी, तामिल, तेलगू, हिन्दी, बंगाली इत्यादि भाषाओं के भिन्न २ उच्चारों के अंगों को देखते हुए गान-क्रिया में उन उन भाषांगों का असर गीत पर भी होता है और गीत के सुननेवालों पर भी होता है। इन भिन्न-भिन्न भाषाओं के अंगों को देखकर ही रागांग के बाद भाषांग को एक अलग अंग के रूप में शास्त्रकारों ने माना है। यह अंग आज भी व्यवहार में है, जिसकी प्रत्यक्ष अनुभूति के रूप में भिन्न भिन्न भाषाओं के गीत-गान के अवसर पर उन भाषाओं के अंगों का डोलन सूक्ष्म दृष्टि से देखनेवालों को दिखाई देता है। कर्णाटक संगीत में भाषांग के विशेष उच्चारों से इस तथ्य की हमें प्रत्यक्ष अनुभूति मिलती है।

तीसरा अंग है क्रियांग। आजकल राग की आलप्ति, तान-क्रिया, गमकादि-प्रयोग—सब एक ही रूप से, एक ही आवाज़ से किये जाते हैं। भावाभिव्यक्ति के लिये यह दोषपूर्ण है। शास्त्रकारों ने भिन्न-भिन्न भावों की अभिव्यक्ति के लिये कंठ में भिन्न-भिन्न काक्वादि क्रियाएँ करने के लिये कहा है। जिनके द्वारा नवरस की अभिव्यक्ति साध्य हो सकती है। इन्हीं क्रियाओं का गानादि-प्रयोग में उपयोग किया जाए, तो उसे क्रियांग कहा जाएगा।

अंतिम अंग है—उपांग। इन रागांग-भाषांग-क्रियांग के अतिरिक्त रागों में प्रयुक्त होनेवाले जो सूक्ष्म अंग हैं, यथा—भिन्न रागों के स्वरों के विशेष उच्चार एवं भिन्न-भिन्न कणों के उपयोग से जो अंग उत्थित होते हैं, उन सब का समावेश उपांग शब्द में सन्निहित है। फिर भी, इन अंगों का सूक्ष्म दर्शन निगूढ़ दृष्टिवाले ही कर सकेंगे।

उपरिलिखित स्पष्टीकरण से शिक्षक और विद्यार्थी इन शब्दों का स्थूल भाव अवश्य समझ जायेंगे, ऐसी आशा है।

राग-प्रकृति, रस-भाव

संगीत में प्रयुक्त रसों के सम्बन्ध में भरत-नाट्यशास्त्र में दो विशेष उल्लेख मिलते हैं। एक तो जाति-प्रकरण में, भिन्न भिन्न जातियों का किस किस रस की अभिव्यक्ति के लिये प्रयोग किया जाना चाहिये, यह बताते समय भरत ने संगीत में रस की चर्चा की है। दूसरे-वाद्य-संगीत में रसाभिव्यक्ति की चर्चा करते हुए भरत ने कहा है:—

वाद्यप्रयोगविहितान् स्वरांश्चैव निबोधत॥
हास्यशृङ्गारयोः कार्यौ स्वरौ मध्यमपञ्चमौ।
षड्जर्षभौ च कर्तव्यौ वीररौद्राद्भुतेष्वथ॥
गान्धारश्च निषादश्च कर्तव्यौ करुणे रसे।
धैवतश्च प्रयोक्तव्यो बीभत्से सभयानके॥

[ना० शा० २९। १६—१८]

अर्थात् हास्य और शृङ्गाररस में मध्यम-पंचम, वीर रौद्र और अद्भुत रस में षड्ज-ऋषभ, करुण रस में गान्धार निषाद एवं वीभत्स और भयानक रस में धैवत का प्रयोग करना चाहिये।

संगीत रत्नाकरादि ग्रंथों में भी प्रायः इसी प्रकार विशेष रसों की अभिव्यक्ति के लिये विशेष स्वरों की उपयोगिता के सम्बन्ध में कहा गया है। संगीत-रत्नाकर के प्रबन्धाध्याय में तो प्रबन्धों के भिन्न भिन्न प्रकारों के भिन्न भिन्न रसानुकूल प्रयोग के विषय में भी विधान किया गया है। परन्तु प्राचीन ग्रंथों के इन विधानों का हमारी आज की राग-परंपरा में रसों के निरूपण के साथ कोई सीधा सम्बन्ध नहीं दीखता। संगीत का रसानुकूल प्रयोग होना चाहिए, इतना तो इन उल्लेखों से निर्विवाद सिद्ध होता है। किन्तु अधुना प्रचलित रागों के रस-निर्णय पर इनके द्वारा कुछ विशेष प्रकाश नहीं डाला जा सकता।

कुछ लोगों ने यह दर्शाने का यत्न किया है कि भरतोक्त स्वरों के रस-विधान के अनुसार उन उन स्वरों की प्रधानता जिन रागों में पाई जाए, उन्हें उन उन रसों के उपयोगी मान लिया जाए। इस कथन से भी रस की सिद्धि नहीं होती है।

पं० भातखंडे ने इस विषय की चर्चा करते समय अपने ग्रंथों में यत्र तत्र जो लिखा है, उसका सार यों है। रसशास्त्रोक्त नवरसों के स्थान पर मुख्य तीन ही रस माने जाएँ —शृंगार, वीर और करुण। इन तीनों का संबन्ध क्रमशः रि ध तीव्र, ग॑नि॑ कोमल और रि॑ ध॑ कोमल स्वर-जोड़ियों वाले रागों के साथ जोड़ दिया जाए। इस प्रकार उनके कथनानुसार रि—ध तीव्र वाले राग शृंगार रस के लिये, ग॑ नी॑ कोमल वाले राग वीर रस के लिये और रि॑ ध॑ कोमल वाले राग करुण रस के लिये उपयोगी माने जाएँ। उनके अपने कथनानुसार यह विधान सयुक्तिक और समंजस है, फिर भी वह सर्वग्राही होगा या नहीं, इसमें उन्हें स्वयं संदेह है। और उन का यह संदेह यथार्थ भी है। कारण—

